दिनांकः 12.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रदेश में पेयजल दरों में बढ़ोतरी के बावजूद उपभोक्ताओं से वर्तमान दरों पर ही पानी के बिलों और अन्य सेवाओं की राशि वसूल की जाएगी। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बताया कि इससे सरकार पर प्रतिवर्ष लगभग 21 सौ करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग से पानी की वर्तमान दरों को चार गुना करने की सहमति मिलने पर दरों में बढोतरी की जा रही है। इसके बावजूद भी जनता पर अतिरिक्त भार नहीं डालने के उद्देश्य से जनहित में ये निर्णय लिया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा में प्रेस क्लब की ओर से आयोजित नवसंवत्सर और स्नेह मिलन समारोह में शिरकत करेंगे। वे वहां पत्रकारों से रुबरु होंगे। इसके बाद उनका एक सामाजिक समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम है। इससे पहले कल उन्होंने महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और समानता के लिए इन विभूतियों का संघर्ष आज भी लोकतंत्र की दिशा तय करता है। श्री बिरला ने पुलवामा हमले में वीरगति को प्राप्त हुए सीआरपीएफ के जवान हेमराज के गांव सांगोद जाकर उनके परिवार से मुलाकात की।

हनुमान जन्मोत्सव पर आज प्रदेशभर के हनुमान मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हो रहे हैं। हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण के पाठ हो रहे हैं। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। कई जगहों पर भंडारे भी लगाए गए हैं। भगवान का सिंदूर और चांदी के वरक लगाकर श्रृंगार किया गया है। जैसलमेर में शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में सजे–धजे ऊंट, घोड़े और पारम्परिक पोषाक पहने लोग शामिल हुए। जयपुर में सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर से शुरू होने वाली शोभायात्रा को लेकर सुगम यातायात के लिए विशेष प्रबंध किये गए हैं। यात्रा चांदपोल स्थित हनुमान मंदिर जाएगी। चूरू के सालासर बालाजी धाम पर चल चल रहे लक्खी मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के अलावा आस–पास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हनुमान जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि संकटमोचन भगवान हनुमान के आशीर्वाद से सभी लोग स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने शुभकामना संदेश में प्रार्थना की कि भगवान हनुमान की कृपा से प्रदेश में सुख, समृद्धि और खुशहाली का वास हो।

आज संत पीपा जी जयंती भी मनायी जा रही है। संत पीपा जी भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में एक हैं। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। झालावाड में पीपा जी की तपोस्थली गागरोन दुर्ग स्थित पीपा जी धाम पर विशेष पूजा अर्चना और भजन कीर्तन के कार्यक्रम हो रहे हैं। बाड़मेर और पाली के पीपा जी मंदिरों से शोभायात्रा निकाली जा रही है।

प्रदेश में आज भी कुछ संभागों में आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद आंधी चलने और बारिश होने के आसार हैं। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। कल से राज्य के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है। पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में 14 अप्रैल से हीटवेव का नया दौर शुरू

होगा और 15 तथा 16 अप्रैल को तीव्र हीटवेव चलने की संभावना है। इस बीच, प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 42 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ कोटा सबसे गर्म स्थान रहा।

पद्म पुरस्कार–2026 के लिए इस साल 31 जुलाई तक नामांकन भरे जा सकते है। विजेताओं के नाम अगले साल गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाएंगे। नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। गृह मंत्रालय ने बताया है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल  पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री अलंकरण देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। ये पुरस्कार 'उल्लेखनीय कार्य' को मान्यता देने के लिए प्रदान किए जाते हैं। कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान, इंजीनियरिंग, लोक प्रशासन, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं।